SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 24/06/2019

Q1. उपभोक्ताओं, डीलरों को कर्ज दिलाने के लिए मारुति सुजुकी ने किस बैंक से समझोता किया है?

क. यस बैंक

ख. केनरा बैंक

ग. बैंक ऑफ़ बड़ौदा

घ. स्विस बैंक

मारुति सुजुकी ने हाल ही में उपभोक्ताओं, डीलरों को कर्ज दिलाने के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा से समझोता किया है. कंपनी ने कहा है की डीलरों को बैंक ऑफ बड़ौदा के श्रृंखला वित्तपोषण के मौजूदा कार्यक्रम के तहत कर्ज दिया जाएगा.

SarkariExam.Com

Q2. जीएसटी परिषद ने राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधक प्राधिकरण का कार्यकाल कितने वर्ष के लिए बढ़ा दिया है?

क. 1 वर्ष

ख. 2 वर्ष

ग. 3 वर्ष

घ. 5 वर्ष

हाल ही में जीएसटी परिषद ने राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधक प्राधिकरण का कार्यकाल 2 वर्ष बढ़ा दिया है और जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं देने वाली कंपनियों पर 10 प्रतिशत तक जुर्माना लगाने की मंजूरी भी दे दी है.

Q3. सुप्रीम कोर्ट ने किस राज्य सरकार के वित्तीय लेनदेन से संबंधित फैसलों पर रोक लगा दी है?

क. दिल्ली सरकार

ख. गुजरात सरकार

ग. बिहार सरकार

घ. पुडुचेरी सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पुडुचेरी सरकार के वित्तीय लेनदेन से संबंधित फैसलों पर रोक लगा दी है. न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की अवकाश पीठ ने यह फैसला सुनाया है.

SarkariExam.com

Q4. 72 वर्षीय अमेरिकी बिजनेसमैन स्टीफन स्वार्जमैन ने किस यूनिवर्सिटी को 150 मिलियन पाउंड का डोनेशन दिया है?

क. कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी

ख. टेक्सास यूनिवर्सिटी

ग. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी

घ. वाशिंगटन यूनिवर्सिटी

– 72 वर्षीय अमेरिकी बिजनेसमैन स्टीफन स्वार्जमैन ने हाल ही में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को 150 मिलियन पाउंड (करीब 1300 करोड़ रुपए) का डोनेशन दिया है. इन पैसों से ह्यूमैनिटीज सेंटर बनाया जाएगा जिसमे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में पढ़ाया जाएगा

Q5. भारत के किस राज्य के बर्खास्त आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को दोषी क़रार देते हुए कोर्ट ने उम्रकैद की सजा दी है?

क. केरल

ख. गुजरात

ग. पंजाब

घ. दिल्ली

गुजरात के बर्खास्त आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को दोषी क़रार देते हुए कोर्ट ने उम्रकैद की सजा दी है. उन्हें और पुलिस ऑफिसर प्रवीण सिंह झाला को 30 वर्ष पहले हिरासत में हुई एक मौत के मामले में दोषी क़रार दिया गया है

SarkariExam.Com

Q6. भारत के महाराष्ट्र और किस राज्य में बनने वाली कोल्हापुरी चप्पल को जीआई टैग दिया गया है?

क. केरल

ख. दिल्ली

ग. कर्नाटक

घ. पंजाब

भारत के महाराष्ट्र और कर्नाटक में बनने वाली कोल्हापुरी चप्पल को जीआई टैग दिया गया है. यह टैग दोनों राज्यों कों संयुक्त रूप से दिया गया है. इस चप्पल को चमड़े से और हाथ के द्वारा महाराष्ट्र के कोल्हापुर, सांगली, सोलापुर तथा सतारा और कर्नाटक के बेलगाम, धारवाड़, बागलकोट तथा बीजापुर जिले में बनाया जाता है.

Q7. भारतीय वैज्ञानिकों ने हाल ही में कौन सी बीमारी के लिए नया टीका विकसित किया है ?

क. टी.बी

ख. एड्स

ग. एंथ्रेक्स

घ. ब्लड क्लोट्स

SarkariExam.Com

Q8. एआईसीटीई के द्वारा स्वीकृत सीटों से 42 अधिक छात्रों का ऐडमिशन लेने के लिए किसने फोरे स्कूल ऑफ मैनेजमेंट पर जुर्माना लगाया है?

क. हाईकोर्ट

ख. सुप्रीमकोर्ट

ग. शिक्षा मंत्रालय

घ. केंद्र सरकार

सुप्रीमकोर्ट ने हाल ही में एआईसीटीई के द्वारा स्वीकृत सीटों से 42 अधिक छात्रों का ऐडमिशन लेने के लिए फोरे स्कूल ऑफ मैनेजमेंट पर 23.10 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है. कोर्ट ने कहा है की शिक्षण संस्थान स्वीकृत सीटों से अधिक ऐडमिशन लेकर छात्रों का भविष्य खतरे में डालते हैं.

Q9. भारत और अफगानिस्तान के बीच हुए वर्ल्ड कप के मैच में किस खिलाडी ने इस वर्ल्ड कप की पहली हैट्रिक ली है?

क. रशीद खान

ख. मोहमद नबी

ग. मोहम्मद शमी

घ. हार्दिक पंड्या

वर्ल्ड कप 2019 के भारत और अफगानिस्तान के बीच हुए मैच में भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने इस वर्ल्ड कप की पहली हैट्रिक ली है. इस हेट्रिक के साथ मोहम्मद शमी वर्ल्ड में हेट्रिक लेने वाले दुसरे भारतीय और नॉवे खिलाडी बन गए है.

SarkariExam.Com

Q10. भारतीय क्रिकेट टीम के किस पूर्व गेंदबाज ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की है?

क. मोहमद शमी

ख. मनप्रीत सिंह गोनी

ग. भुवनेश्वर कुमार

घ. जसप्रीत बूमराह

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व गेंदबाज मनप्रीत सिंह गोनी ने हाल ही में सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की है. उन्होंने अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट कैरियर में पंजाब क्रिकेट टीम को कई मैच में जीत दिलाई है. उनके संन्यास की जानकारी पीसीए के प्रवक्ता सुशील कपूर ने दी है.

Q11. निम्न में से किस देश की महिला फुटबॉल खिलाडी मार्टा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाली फुटबॉलर बन गयी है?

क. ऑस्ट्रेलिया

ख. क्रोएशिया

ग. ब्राज़ील

घ. जर्मनी

ब्राज़ील की ला फुटबॉल खिलाडी मार्टा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाली फुटबॉलर बन गयी है. 6 बार की वर्ल्ड प्लेयर ऑफ द ईयर मार्टा ने इटली के खिलाफ फीफा वर्ल्ड कप में 17वां गोल किया है.

SarkariExam.Com

Q12. भारतीय क्रिकेट टीम के किस पूर्व खिलाडी को कनाडा टी20 लीग में टोरंटो नेशनल्स ने विदेशी खिलाड़ी के तौर पर चुना है?

क. सुरेश रैना

ख. युवराज सिंह

ग. मनप्रीत सिंह गोनी

घ. स्टुअर्ट बिन्नी

युवराज सिंह –भारतीय क्रिकेट टीम से हाल ही में संन्यास लेने वाले पूर्व खिलाडी युवराज सिंह को कनाडा टी20 लीग में टोरंटो नेशनल्स ने विदेशी खिलाड़ी के तौर पर चुना है साथ ही वे विदेश में टी20 लीग खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे.–भारतीय क्रिकेट टीम से हाल ही में संन्यास लेने वाले पूर्व खिलाडी युवराज सिंह को कनाडा टी20 लीग में टोरंटो नेशनल्स ने विदेशी खिलाड़ी के तौर पर चुना है साथ ही वे विदेश में टी20 लीग खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे.

Q13. भारत के किस राज्य में मराठा छात्रों के लिए चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा में स्नातकोत्तर कक्षाओं में 16 % आरक्षण देने का फैसला किया गया है?

क. केरल

ख. गुजरात

ग. महाराष्ट्र

घ. पंजाब

महाराष्ट्र में मराठा छात्रों के लिए चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा में स्नातकोत्तर कक्षाओं में 16 % आरक्षण देने का फैसला किया गया है. महाराष्ट्र विधानसभा के

SarkariExam.Com

दोनों सदनों ने मराठा छात्रों के लिए अधिनियम 2018 के तहत एक संशोधन पारित कर दिया है.

Q14. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस से किस देश में जाने वाली फ्लाइटों पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगाया है?

क. इंडोनेशिया

ख. अमेरिका

ग. फ्रांस

घ. जॉर्जिया

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस से जॉर्जिया जाने वाली फ्लाइटों पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है. क्योंकि जॉर्जिया में विरोध प्रदर्शन के दौरान लगभग 240 लोगों के घायल हो जाने के बाद राष्ट्रपति ने यह फैसला लिया है.

Q15. अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेजबानी पर भारत पर लगे प्रतिबंध को किसने हटा दिया है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. केंद्र सरकार

ग. खेल मंत्रालय

घ. अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति

SarkariExam.Com

–अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेजबानी पर भारत पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है. 2 दिन पहले ही केंद्र सरकार ने कहा है की किसी योग्य खिलाड़ी को राजनीतिक कारणों से वीजा देने से इनकार नहीं किया जाएगा.

Q16. हीरो मोटोकॉर्प ने किसे अपना नवीनतम ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

a) जस्टिन टिम्बरलेक

b) यरी मेनन

c) कीनू रीव्स

d) टॉम हैंक्स

हीरो मोटोकॉर्प ने अपने नए ब्रांड एम्बेसडर के रूप में लोकप्रिय कोलंबियाई पेशेवर फुटबालर, यरी मीना की नियुक्ति की घोषणा की।

24 वर्षीय मीना –होनहार युवा फुटबॉलरों में से एक –ने लगातार कोलंबियाई राष्ट्रीय फुटबॉल टीम (फीफा विश्व कप रूस 2018 के दौरान) और अपने क्लबों के लिए प्रभावशाली प्रदर्शनों की एक श्रृंखला दी है।

Q17. 35वीं एशियन स्नूकर चैम्पियनशिप में पंकज आडवाणी ने किस खिलाडी को हराकर क्यू स्पोर्ट्स में करियर ग्रैंड स्लैम जीता है?

क. रोजर फेडरर

ख. थनावत तिरापोंगपाईबून

ग. नोवाक जोकोविच

SarkariExam.Com

घ. इनमे से कोई नहीं

भारत के पंकज आडवाणी ने 35वीं एशियन स्नूकर चैम्पियनशिप में थाईलैंड के थनावत तिरापोंगपाईबून को फाइनल में हराकर क्यू स्पोर्ट्स में करियर ग्रैंड स्लैम जीत लिया है. पंकज आडवाणी इससे पहले बिलियर्ड्स में सारे बड़े टाइटल जीत चुके हैं.

Q18. सामाजिक कार्यकर्ता मकरंद टिल्लू को _____ पुरस्कार मिला?

a) सेव वाटर हीरो

b) सेव & प्रोटेक्ट वाटर

c) कांसर्वे वाटर

d) सेव द एअर्थ

सामाजिक कार्यकर्ता मकरंद टिल्लू को शहर में जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उनके प्रयासों के लिए 'सेव वाटर हीरो 'पुरस्कार मिला।

पेशे से एक लाफ्टर योगा ट्रेनर और प्रेरक वक्ता, मकरंद टिल्लू ने लीक से हटकर नल को पानी से बचाने के लिए एक अभियान शुरू किया।

उन्होंने एक एनजीओ, जलक्षेत्र प्रबोधिनी भी शुरू की। उन्हें लेखक और साहित्यकार रामचंद्र देखने, कोथरुड़ विधायक मेधा कुलकर्णी और फाउंडेशन के अध्यक्ष श्रीकांत मुंदडा की उपस्थिति में हृदयमित्र फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया|

SarkariExam.Com

Q19. ब्रिटिश हेराल्ड के द्वारा जारी सूची में भारत के किस व्यक्ति को विश्व का सबसे ताकतवर व्यक्ति चुना गया है?

क. मुकेश अम्बानी

ख. सुंदर पिचाई

ग. नरेंद्र मोदी

घ. सुनील शर्मा

ब्रिटिश हेराल्ड के द्वारा जारी सूची में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कों हाल ही में विश्व का सबसे ताकतवर व्यक्ति चुना गया है. इस सूची में मोदी ने व्लादिमीर पुतिन, डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग को पीछे छोड़ दिया है.

Q20. निम्न में से किस राज्य सरकार ने आपदा से फसल की बर्बादी पर किसानों को 5,000 रुपये न्यूनतम मुआवज़ा देने का फैसला किया है?

क. दिल्ली सरकार

ख. पंजाब सरकार

ग. गुजरात सरकार

घ. मध्य प्रदेश सरकार

मध्य प्रदेश सरकार ने हाल ही में मध्य प्रदेश में आपदा से फसल की बर्बादी पर किसानों को 5,000 रुपये न्यूनतम मुआवज़ा देने का फैसला किया है. साथ ही राजस्व व परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है की सरकार किसानों की शिकायतों का निपटारा करने के लिए जल्द ही कोई प्रशासनिक कदम उठाए.

SarkariExam.Com